न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण मुकदमा संख्या 28/2022 जतनसिंह बनाम बलवीर सिंह व अन्य	
11.12.2023	पत्रावली पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। उप जिला कलक्टर बांदीकुई की तथ्यात्मक टिप्पणी प्राप्त होकर संलग्न पत्रावली है। अधिवक्ता प्रार्थी एवं प्रार्थी को बार–बार आवाज लगवाई गई। किन्तु अधिवक्ता प्रार्थी अथवा प्रार्थी में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। अधिवक्ता प्रार्थी को तलवाने पेश करने हेतु बार–बार अवसर दिये जाने के उपरान्त भी अप्रार्थीगण की पुनः तलवी हेतु तलवाने भी पेश नहीं किये गये है। इससे यह प्रतीत होता है कि प्रार्थी विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण को नहीं चलाना चाहते है। अतः प्रार्थी जतनसिंह पुत्र रामकरण जाति गुर्जर निवासी वार्ड नम्बर 40 अणची का बास बांदीकुई जिला दौसा द्वारा न्यायालय उप जिला कलक्टर बांदीकुई में विचाराधीन प्रकरण उनवानी जतनसिंह बनाम बलवीर सिंह दावा उद्घोषण तकास्मा एवं स्थाई निषेधाज्ञा मुकदमा नम्बर 292/2021 व प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा उनवानी जतनसिंह बनाम बलवीर सिंह आदि प्रार्थना पत्र संख्या टी. आई नम्बर 251/2021 को अन्य न्यायालय में स्थानान्तरित करने हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय उप जिला कलक्टर बांदीकुई को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 11.12.2023 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (राजकुमार कस्वा) अति. जिला कलक्टर,दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official